आकाशवाणी भोपाल

**शाम के समाचार**

दिनांक 21.06.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दुनिया भर में रही योग की धूम, प्रधानमंत्री ने कहा- योग बना युवाओं के लिए रोजगार सृजन का जरिया।
- राज्य में पचमढ़ी में धूपगढ़ से लेकर साँची और खजुराहो तक दिखे योग के अलग अलग रंग ।
- आकाशवाणी समाचार को माना गया भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांडों में से एक ।
- प्रदेश के लिए खुशखबरी, मानसून ने मंडला और पांढुरना के रास्ते किया प्रवेश ।

**योग दिवस राष्ट्रीय**

दुनिया भर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विषय है - **'स्वयं और समाज के लिए योग'।** देश में मुख्य समारोह जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर योग अपनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और इसकी उपयोगिता को भी लोग पहचान रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में योग के विस्तार पर, प्रधानमंत्री ने एक नई योग अर्थव्यवस्था के बारे में बात की और योग पर्यटन के प्रति बढ़ते आकर्षण और लोगों की योग सीखने के लिए भारत आने की इच्छा का उल्लेख किया। उन्होंने योग स्थान, रिसॉर्ट्स, हवाई अड्डों और होटलों में योग के लिए समर्पित सुविधाओं, योग परिधान और उपकरण, व्यक्तिगत योग प्रशिक्षकों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये सभी विकास युवाओं के लिए रोजगार सृजन के नए अवसर पैदा कर रहे हैं।

**प्रदेश योग दिवस**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजभवन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन के लिए योग अत्यंत ज़रूरी है। योग सरल है, सभी के लिए हैं। यह व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से किया जा सकता है। रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास,भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में योगाभ्यास किया और कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में योग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में योग आयोग के गठन के बाद योग को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया। आयुर्वेद की दृष्टि से भी अहम फैसले लिए गए हैं। प्रदेश में 11 आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलने का निर्णय इसी कड़ी में लिया गया है। मोटे अनाजों के प्रोत्साहन के लिए श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्होंने बताया कि किसानों को प्रति क्विंटल एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

**\जिला योग दिवस**

प्रदेश में आज पचमढ़ी में धूपगढ़ की सबसे ऊंची चोटी से लेकर उज्जैन में पवित्र शिप्रा नदी के जल तक योग के अलग-अलग नजारे नजर आए। सांची के स्तूप से लेकर खजुराहो के विश्व प्रसिद्ध मंदिर परिसर में भी योग किया गया। हालांकि बारिश ने कई जगह योग कार्यक्रमों में खलल डाला। फिर भी उत्साही लोगों ने वैकल्पिक स्थानों पर योग कर इस दिन को फीका नहीं पड़ने दिया.

**बतूल** में केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि भारत की सनातन परंपरा योग का महत्व आज पूरी दुनिया समझ चुकी है.**रीवा** में योग दिवस पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने श्री अन्न संवर्धन अभियान के शुभारम्भ अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज को अपने खान-पान में शामिल किया जाना आवश्यक है।

**खण्डवा** में जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने आज हॉली स्प्रिट कॉन्वेट स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में योगाभ्यास किया और कार्यक्रम को संबोधित किया। **छिन्दवाड़ा** में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बालाजी पब्लिक स्कूल में सामूहिक योग का आयोजन किया गया |

**देवास** में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में फ्लाय ओवर ब्रिज पर आयोजित हुआ। **मंडला** पुलिस द्वारा समस्त थाना, चौकी एवं रक्षित केन्द्र में सामुहिक योगाभ्यास किया गया। **डिंडोरी** में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट

विद्यालय प्रांगण आयोजित किया गया था। इंदौर,ग्वालियर और नरसिंहपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी योग दिवस पर विभिन आयोजन हुए.

 **काशवाणी समाचार- नवनीत सहगल**

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांडों में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के **रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म**, के हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण में, देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। डिजिटल न्यूज़ रिपोर्ट 2024 के हिस्से के रूप में जारी, इस वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार आकाशवाणी समाचार विश्वसनीयता के पैमाने पर देश के अन्य प्रमुख मीडिया संस्थानों की तुलना में काफी आगे है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**हज स्वास्थ्य देखभाल**

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव  अपूर्व चंद्र ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सहयोग से आज नई दिल्ली में "हज यात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था" शीर्षक से एक दस्तावेज जारी किया। इस वर्ष खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के कारण हज यात्रियों के लिए चौबीसों घंटे सेवाओं की आवश्यकता हो गई है। मुख स्वास्थ्य और दंत चिकित्सा देखभाल सेवाओं को इससे जोड़ा गया है। एनआईसी की मदद से एक लाइव पोर्टल विकसित किया गया है, जो चिकित्सा देखभाल और प्रदान की जा रही सेवाओं की मांग करने वाले हज यात्रियों पर वास्तविक समय डेटा और विश्लेषण प्रदान करता है।

**मौसम**

प्रदेश के लिए खुशखबरी है. एक दो दिन देरी से ही सही पर मानसून राज्य में प्रवेश कर गया है. मौसम विभाग के मुताबिक मानसून ने मंडला और पांढुरना के रास्ते प्रदेश में प्रवेश किया है । इसके चलते भोपाल में बारिश का दौर जारी है । सीहोर में भी दो घंटे में ही 4 इंच से ज्यादा पानी बरसा। उज्जैन, रतलाम, शाजापुर और रायसेन में भी रुक-रुककर बारिश हो रही है।

इंदौर में कुछ इलाकों में बूंदाबांदी तो कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में भोपाल, रायसेन, सीहोर, बैतूल, इंदौर, देवास, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम

सहित कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

- नीमच में विद्यार्थियों को पुस्तकें,युनिफार्म, टाई, जुते, कॉपी एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री एक ही स्थान पर विशेष छूट के साथ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पुस्तक मेला 23 जून को आयोजित किया जा रहा है।
- अनूपपुर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई।
- श्योपुर जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 35 बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक व्हीएस मौर्य, जेल चिकित्सक डॉ संजय जैन और जेल स्टॉफ उपस्थित थे।
- शिवपुरी जिले में पल्स पोलियो अभियान 23 से 25 जून तक चलाया जाएगा। इस अभियान में जिले में 5 वर्ष तक के लगभग ढाई लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी.
- शहडोल जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के लुकामपुर रेत खदान में दो युवकों पर ट्रक चढ़ गया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

-----------------------------------